प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य सरकार ने नयी उत्पाद नीति को दी मंजूरी, निजी हाथों में होगी खुदरा शराब की बिक्री, रेगुलेशन ऑफ फी बिल को भी मंत्रिपरिषद ने दी स्वीकृति।
- 16वें वित्त आयोग की टीम 28 मई को आयेगी झारखंड, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विभागीय सचिवों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन, शिक्षा और जल के लिए ठोस प्रस्ताव तैयार करने के दिये निर्देश।
- सेना के सम्मान में आज राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर मोदी सरकार की रणनीतिक दूरदृष्टि का प्रमाण।
- पश्चिमी सिंहभूम में वज्रपात से नक्सल विरोधी अभियान चला रहे सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी की मौत, सहायक कमांडेंट समेत तीन जवान घायल।
- रांची की साक्षी जैन प्रतिष्ठित फोर्ब्स मैगजीन की सूची में शामिल, सोशल मीडिया एडवर्टिजमेंट और मार्केटिंग कैटेगरी में नाम दर्ज।

****************

राज्य सरकार ने नयी उत्पाद नीति को मंजूरी प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी। नयी उत्पाद नीति के तहत शराब की थोक बिक्री सरकार के हाथ में होगी जबकि खुदरा बिक्री निजी हाथों में सौंपी जायेगी। बैठक के बाद उत्पाद मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि नयी उत्पाद नीति से राजस्व में बढ़ोतरी होगी।

मंत्रिपरिषद ने राज्य में निजी व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने वाली उच्च शिक्षण संस्थानों में शुल्क निर्धारण के लिए शुल्क नियामक समिति के गठन के लिए झारखंड प्रोफेशनल एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशन ऑफ फी बिल–2025 को भी स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा कई अन्य प्रस्तावों को भी मंत्रपरिषद ने मंजूरी दी है।

****************

16वें वित्त आयोग की टीम 28 मई को चार दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही है। टीम के आगमन से पूर्व राज्य सरकार की तैयारी को लेकर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने विभिन्न विभागों के सचिवों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और प्राथमिकता के आधार पर ठोस प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वित्त आयोग के समक्ष उग्रवाद, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संग्रहण, सड़क, पर्यटन, ऊर्जा और ग्रामीण विकास को केंद्र में रखकर भारत सरकार से विशेष आर्थिक पैकेज के लिए राज्य सरकार अपना पक्ष रखेगी।

****************

सेना के सम्मान में राज्य में लगातार तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इस कड़ी में आज सभी जिला मुख्यालयों में यह यात्रा निकाली जायेगी और भारतीय सेना के प्रति आभार व्यक्त किया जायेगा। इससे पहले कल शाम जमशेदपुर में भारी बारिश के बीच भाजपा जमशेदपुर महानगर और नागरिक मंच के बैनर तले साकची स्थित जुबिली पार्क गोलचक्कर से बसंत टॉकीज शहीद चौक तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि भारतीय सेना पर हमें गर्व है।

मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सेना के शौर्य को सलाम करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर ने यह साबित किया है कि केन्द्र की सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के लिए प्रतिबद्ध है।

****************

इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर मोदी सरकार की रणनीतिक दूरदृष्टि, अदम्य साहस और वैश्विक कूटनीति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन न केवल आतंक के खिलाफ निर्णायक जवाब था, बल्कि इसने पाकिस्तान को सैन्य, कूटनीतिक और नैतिक रूप से पूरी तरह बेनकाब कर दिया।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****************

राज्य सरकार द्वारा मंडल डैम के डूब क्षेत्र में आने वाले गढ़वा जिले के छह गांवों के परिवारों के लिये पुनर्वास की योजना तैयार की गई है।

****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा में कल शाम हुई तेज बारिश के दौरान वज्रपात होने से सीआरपीएफ के दो अधिकारियों द्वितीय कमान अधिकारी एमपी सिंह और सहायक कमांडेंट सुबीर मंडल समेत कुल चार सुरक्षा कर्मी जख्मी हो गये। बाद में किरुबुरु अस्पताल में इलाज के दौरान द्वितीय कमान अधिकारी एमपी सिंह की मौत हो गयी। सहायक कमांडेंट के साथ ही जगुआर के एएसआई सुदेश और चंदन हांसदा का इलाज चल रहा है।

****************

इस बीच मौसम विभाग ने आज पलामू और गढ़वा को छोड़कर राज्य के पश्चिमी भाग में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले कल दोपहर बाद रांची के आसपास के क्षेत्रों में बारिश और ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने कुछ उत्तर पूर्वी और दक्षिण पूर्वी हिस्सों में हीट वेब चलने की भी आशंका जतायी है।

****************

रांची की साक्षी जैन प्रतिष्ठित फोर्ब्स मैगजीन की थर्टी अंडर–30 एशिया सूची में शामिल की गयी हैं। सोशल मीडिया, मार्केटिंग और एडवर्टाइजिंग कैटेगरी 2025 में उनका चयन किया गया है। अपर बाजार की रहने वाली साक्षी एक सीए होने के साथ–साथ कंटेंट क्रियेटर भी है।

****************

छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन–सीएए की ओर से रांची सुपर डिविजन फुटबाल लीग कल से शुरू हो रही है। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सीएए के कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रियो भट्टाचार्य, महासचिव आसिफ नईम और रेफरी हेड मो. फरीद खान ने संयुक्त रुप से बताया कि सारे मैच संत जॉन्स स्कूल और खेलगांव होटवार में होंगे। लीग में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। चार ग्रुप में 8–8 टीमों को रखा गया है।

****************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य कैबिनेट की बैठक में लिये गये निर्णयों को पहले पन्ने पर प्रमुखता से जगह दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– शराब की खुदरा बिक्री निजी हाथों में, सरकार के पास रहेगा होलसेल, एक माह में लागू होगा।

हिन्दुस्तान ने पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय के हवाले से लिखा है– जमीनी स्तर पर सुझाव लेकर लागू करेंगे पेसा।

प्रभात खबर लिखता है– राज्य सरकार वित्त आयोग से जिलों के विकास के लिए मांगेगी 1200 करोड़।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– पारा मेडिकल प्रवेश परीक्षा 29 को, आज से भरे जायेंगे फार्म।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने आइजी अखिलेश झा के हवाले से लिखा है– छह महीने में कोल्हान से नक्सलियों का हो जायेगा सफाया। द टाइम्स ऑफ इंडिया ने दुमका में पड़ोसी द्वारा महिला की नृशंस हत्या करने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

************